# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

04 मई, 2022








## मुविवि के क्षेत्रीय केन्द्र आगरा पर छात्रों को वितरित किए गये टैबलेट

## 25 छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र, आगरा कार्यालय में दिनांक 04 मई, 2022 को शासन स्तर से उपलब्ध कराए गये टैबलेट वितरित किये गये। मुख्य अतिथि प्रभारी निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, आगरा के प्रो0 विनोद कुमार गुप्त रहे। आगरा क्षेत्रीय केन्द्र की समन्वयक, डॉ0 रेखा सिंह ने कहा कि छात्र–छात्राओं को टैबलेट में माध्यम से पढ़ाई में मदद मिलेगी। आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के छात्र–छात्राओं को टैबलेट मिलने से बड़ी सहूलियत हो गयी है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र–छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।






क्षेत्रीय केन्द्र आगरा (कार्यालय) पर प्रभारी क्षेत्रीय केन्द्र निदेशक प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्त की उपस्थिति में छात्रों को टेबलेट वितरण किया गया

# 25 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए

आगरा। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के लॉयर्स कॉलोनी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को शासन स्तर से उपलब्ध कराए गए टैबलेट वितरित किए गए।



मुख्य अतिथि प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक प्रो. विनोद कुमार गुप्त रहे। क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. रेखा सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को टैबलेट के माध्यम से पढ़ाई में मदद मिलेगी। आर्थिक रूप कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को टैबलेट मिलने से बड़ी सहूलियत हो गई है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह की ओर से छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। ब्यूरो

4 दैनिक जागरण आगरा

**एक नजर में**

## मुक्त विवि के क्षेत्रीय केंद्र वितरित किए टैबलेट

आगरा : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि के क्षेत्रीय केंद्र पर टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक प्रो. विनोद कुमार गुप्त थे। इस मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक डा. रेखा सिंह ने बताया कि ऐसे प्रयासों से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सहयोग मिलेगा। (जासं)

News Letter
# मुक्त चिन्तन
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
05 मई, 2022







## छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिनांक 05 मई, 2022 को शासन स्तर से उपलब्ध कराए गये टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 ए0के0 भारतीय जी रहे। मुख्य अतिथि प्रो0 भरतीय ने परास्नातक के 52 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द, लखनऊ की समन्वयक, डॉ0 नीराजंली सिन्हा, डॉ0 संध्या यादव, डॉ0 रजनीश यादव एवं अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो0 डी0के0 सिंह उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र–छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

मुविवि के लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ अध्ययन केन्द्र में छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित करते हुए मा0 अतिथिगण।




**यहां भी हुआ वितरण :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र वासुदेव मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज, लखनऊ में दिनांक 05 मई, 2022 को शासन स्तर से उपलब्ध कराए गये टैबलेट वितरित किये गये। पांच छात्रों को टैबलेट व दो छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया। डीएवी कालेज में स्नातक के बचे 42 में उपस्थित 26 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया।



दैनिक जागरण 6 मई 2022

# लवि : टैबलेट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के लखनऊ विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र में गुरुवार को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के हेड प्रो. अनूप भारतीय ने परास्नातक के 52 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए। टैबलेट पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय समन्वयक डा. नीराजंली सिन्हा, डा. संध्या यादव, डा. रजनीश यादव, लवि के समाज कार्य विभाग के प्रो. डीके सिंह भी उपस्थित रहे।




उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के लखनऊ विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र में गुरुवार को टैबलेट का वितरण किया गया • सौजन्य से विश्वविद्यालय

**यहां भी हुआ वितरण :** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के वासुदेव गर्ल्स पीजी कालेज अध्ययन केंद्र पर पांच छात्रों को टैबलेट व दो छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया।

डीएवी डिग्री कालेज में स्नातक के बचे 42 में से उपस्थित 26 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया।

अमर उजाला 6 मई 2022

# टैबलेट, स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिले

माई सिटी रिपोर्टर

## शहर के कई शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम के दौरान हुआ वितरण

लखनऊ। सरकार की डिजिटल सशक्तिकरण योजना के तहत बृहस्पतिवार को शहर के कई शिक्षण संस्थानों में छात्रों को टैबलेट व स्मार्टफोन बांटे गए। इसी क्रम में राजर्षि टंडन मुक्त विवि के लविवि अध्ययन केंद्र के छात्रों को टैबलेट बांटे गए।

समाज कार्य विभाग के राधाकमल मुखर्जी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने परास्नातक के छात्रों को टैबलेट बांटे। इस मौके पर यूपीआरटीओयू के लविवि अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. डीके सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. नीरांजली सिन्हा, डॉ. संध्या यादव, डॉ. रजनीश यादव आदि मौजूद रहे।



राजर्षि टंडन मुक्त विवि के लविवि अध्ययन केंद्र के छात्रों को मिले टैबलेट व स्मार्टफोन। -संवाद

**यहां भी बांटे टैबलेट**

■ अलीगंज के पलटन छावनी स्थित भवानी आईटीआई में स्थानीय सभासद रूपाली गुप्ता ने छात्रों को टैबलेट बांटे। प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल ने बताया कि 2020-22 बैच के 10 छात्रों को टैबलेट दिए गए। ■ वृंदावन स्थित कृष्ण दत्त एकेडमी डिग्री कॉलेज में बीएड, बीकॉम और बीएससी अंतिम वर्ष के 78 छात्रों को स्मार्ट फोन दिए गए। निदेशक मनीष सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी। ■ बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज में निदेशक डॉ. सशक्त सिंह के निर्देशन में छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किया गया। ■ चारबाग स्थित मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी ऑटोमोबाइल ट्रेनिंग सेंटर और मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में 32 छात्रों को टैबलेट वितरित किया गया। ■ गोसाईंगंज के शिवलर स्थित ताराचंद आईटीआई कॉलेज में बृहस्पतिवार को प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने 19 छात्रों को स्मार्ट फोन व टैबलेट दिया।

प्रयागराज, शुक्रवार
6 मई, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



उम्रकैद यानी जीवन पर्यंत कैद: हाई कोर्ट 7
देश में जल्द लागू होगा सीएए: शाह 10



# मुवि में चलेगी क्लास, घर बैठकर पढ़ेंगे छात्र

मृत्युंजय मिश्र, प्रयागराज

- आडियो-विजुअल लैब को स्मार्ट लैब में बदलने की कवायद
- शाखा निदेशकों को सौंपी गई समय सारणी बनाने की जिम्मेदारी

अगर आपके अंदर पढ़ाई करने की ललक है, लेकिन समयाभाव के कारण कक्षा में शामिल नहीं हो सकते हैं तो चिंतित न हों। आप घर पर हों या खेत-खलियान अथवा किसी भी स्थान पर आपकी पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आएगी। यही नहीं, कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों से सवाल-जवाब करके हर जिज्ञासा शांत कर सकेंगे। इसके लिए राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय लाइव क्लास चलाएगा। स्मार्ट फोन या लैपटाप के जरिए से हर छात्र क्लास में शामिल हो सकेगा। जुलाई-अगस्त से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।



राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश के 12 क्षेत्रीय केंद्रों और 1200 से अधिक अध्ययन केंद्रों के जरिए स्नातक, परास्नातक, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। अब तक विषय विशेषज्ञ लेक्चर तैयार करके उसे वेबसाइट पर अपलोड कर देते थे। छात्र लेक्चर सुनते थे, लेकिन प्रश्न पूछने की सुविधा नहीं थी। इस समस्या को दूर करने के लिए लाइव क्लास की व्यवस्था शुरू की जा रही है।

## सात विद्या शाखाओं के निदेशकों को मिली जिम्मेदारी

लाइव क्लास की जिम्मेदारी सात विद्या शाखाओं के निदेशकों को दी गई है। यह निदेशक अपनी शाखा के तहत आने वाले कोर्स की लाइव क्लास के लिए समय सारणी तैयार करेंगे। इसे यूपीआरटीओयू की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। निर्धारित तिथि और समय पर लाइव क्लास का प्रसारण होगा। छात्र वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिए क्लास कर सकेंगे। अगर कोई बात समझ में नहीं आती तो आनलाइन चैट बाक्स पर सवाल पूछ सकेंगे। शिक्षक उसका जवाब देंगे।

लाइव क्लास की व्यवस्था जुलाई-अगस्त में शुरू कर दी जाएगी। विद्या शाखाओं के निदेशकों को जिम्मेदारी से अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय की आडियो विजुअल लैब से लाइव क्लास का प्रसारण होगा।

– **प्रो. सीमा सिंह**, कुलपति राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय

**स्मार्ट होगी आडियो विजुअल लैब** : मुक्त विश्वविद्यालय में आडियो विजुअल लैब को स्मार्ट लाइफ में बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र स्मार्ट बोर्ड और लेक्चर देते शिक्षक को भी देख सकेंगे। छात्रों को समझाने के लिए जरूरत पड़ने पर आनलाइन लेक्चर के दौरान इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री का भी तत्काल इस्तेमाल किया जा सकेगा।

# स्थापना के बाद पहली बार मुविवि को बी ग्रेड

**प्रयागराज, संवाददाता ।** दो दशक में पहली बार राष्ट्रीय मूल्याकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की ओर से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग तय की गई है। नैक ने मुक्त विश्वविद्यालय को बी ग्रेड प्रदान किया है।

मुक्त विवि की स्थापना 1999 को हुई थी। नैक की ग्रेडिंग पाने वाला यह देश का तीसरा मुक्त विश्वविद्यालय बन गया है। इसके पहले इग्नू को इसी जनवरी में ए प्लस प्लस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस मुक्त विवि पश्चिम बंगाल को ए ग्रेड मिला है।

इसके पहले मुक्त विश्वविद्यालयों को नैक की ग्रेडिंग की आवश्यकता नहीं थी। यूजीसी रेगुलेशन 2017 के अनुसार सभी मुक्त विश्वविद्यालयों को नैक की ग्रेडिंग अनिवार्य कर दिया। यूजीसी के रेगुलेशन 2019 में प्रभावी रूप से कहा गया कि सभी मुक्त विश्वविद्यालय अप्रैल 2020 तक नैक की ग्रेडिंग प्राप्त करें। कोरोना के कारण एक साल का अतिरिक्त समय



दे दिया गया। इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई में कवायद भी शुरू कर दी। पहले चरण में सभी दस्तावेज सेंटर फॉर इंटरनल क्वालिटी एस्योरेंश के तहत इंस्टीट्यूशनल इनफॉर्मेशन क्वालिटी एसेसमेंट नैक को भेजे गए। वहां से मिले सुझाव पर दूसरी बार में आईआईक्यूए स्वीकृत हो गया। इसके साथ विवि ने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट भेजी। रिपोर्ट सबमिट होने के बाद नैक की टीम ने 15, 16, 17 दिसंबर को विश्वविद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया था। विश्वविद्यालय के कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. जीएस शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय को नैक की ओर से बी ग्रेड प्रदान किया गया है।

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
09 मई, 2022
मुक्त चिन्तन

# मुविवि में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन



*मंचासीन माननीय अतिथिगण*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 09 मई, 2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे ''**मन की स्थिरता एवं भावनात्मक कल्याण**'' विषयक शीर्षक पर सक्षमता निमार्ण सम्बन्धी एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह जी, मा0 कुलपति, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे तथा बीज वक्ता डॉ0 रूपा शंकर जी, मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदात्री रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की।

विषय प्रवर्तन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने किया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के निदेशक प्रोफेसर पी0के0 पाण्डेय ने किया। संचालन डॉ0 सुरेंद्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने किया।






*कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 सुरेंद्र कुमार*



विषय प्रवर्तन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने करते हुए कहा के शरीर में चोट लगने पर हम तुरंत डाक्टर के पास जाते हैं परंतु हमें न जाने कितनी बार मानसिक चोट का सामना करना पड़ता है। जिसका जिक्र हम कहीं नहीं करते। उन्होंने कहा कि मन और भावना का संयोग बहुत विचित्र है।



प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला





प्रोफेसर पी0 के0 पाण्डये

*मा0 अतिथियों*
*का स्वागत करते हुए*
*कार्यक्रम के निदेशक*
*प्रोफेसर पी0 के0 पाण्डये*

## स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम  एवं योग को हमें प्रतिदिन करना चाहिए : डॉ0 .रूपा शंकर




डॉ0 .रूपा शंकर

अभिविन्यास कार्यक्रम में बीज वक्ता सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदात्री डॉ0 .रूपा शंकर ने कहा कि शरीर पांच तत्वों के मेल से बना है। जिनका असंतुलन होने से ही समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम  एवं योग को हमें प्रतिदिन करना चाहिए। मन की शांति के लिए 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद के साथ ही पाक कला में भी प्रवीण होना चाहिए।



*सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक*

# मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल जरूरी– प्रोफेसर सिंह



प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह

टेक्नोलॉजी इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती है जिसके हम गुलाम बनते चले जा रहे हैं। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की वजह से लोग एक दूसरे से डिस्कनेक्ट हो गए हैं। मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल बहुत आवश्यक है।

उक्त उद्‌गार प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह, कुलपति, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सोमवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में मन की स्थिरता एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर सक्षमता निर्माण संबंधी एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम में व्यक्त किए। प्रोफेसर सिंह ने सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रर्थ सभागार में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोग एक दूसरे से तो डिस्कनेक्ट हो ही रहे हैं लेकिन अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि व्यक्ति ने खुद से भी दूरी बना ली है। जो इस शताब्दी की गंभीर चुनौती है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जीवन में हमें प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भावना का विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा अगर प्रतिस्पर्धा करनी ही हो तो फुटबाल के मैच की तरह होनी चाहिए। जिसमें एक टीम के सभी खिलाड़ी गोल करने के लिए एक दूसरे को पास करते हुए फुटबाल को गोल तक ले जाते हैं। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज सारे झगड़े वास्तविकता एवं धारणा को लेकर खड़े हुए हैं। आज भूख और प्यास के लिए झगड़ा नहीं हो रहा बल्कि देश की सीमा पर एक रेखा खींच दिए जाने के कारण उस सीमरेखा को लेकर झगड़ा हो रहा है, जबकि प्रकृति ने वह सीमरेखा बनाई ही नहीं। तत्वों के मेल से बना है। जिनका असंतुलन होने से ही समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम एवं योग को हमें प्रतिदिन करना चाहिए। मन की शांति के लिए 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद के साथ ही पाक कला में भी प्रवीण होना चाहिए।





# मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सही होना आवश्यक है– प्रो0 सीमा सिंह



मा0 कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि घर में एवं कार्य स्थल पर मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सही होना आवश्यक है। शिक्षकों को विशेष रूप से अपनी कक्षाओं में अंतर क्रिया करते समय भी इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि अगर शिक्षक अपने को खुश रखेगा तभी छात्र भी उससे खुश रहेंगे। अध्यापकों के अंदर यह भावना भी विकसित होनी चाहिए कि जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करें।

प्रो. सिंह ने कहा कि गुस्से एवं तनाव को किस प्रकार नियंत्रित किया जाए यह बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए दूसरों की भावनाओं को समझने की कोशिश करनी चाहिए।







धन्यवाद

ज्ञापन करते हुए

प्रो0 छत्रसाल सिंह



मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
09 मई, 2022



# मुविवि में इन्क्यूबेशन, स्टार्ट–अप आदि से सम्बन्धित कार्य प्रणाली पर प्रस्तुतीकरण



मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

विश्वविद्यालय के **इन्क्यूबेशन सेण्टर** के तत्वावधान में दिनाँक 09 मई, 2022 को अपराह्न 03.00 बजे विश्वविद्यालय के गंगा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के **कमेटी कक्ष** में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बाह्य विशेषज्ञों द्वारा **इन्क्यूबेशन, स्टार्ट–अप आदि से सम्बन्धित कार्य प्रणाली पर प्रस्तुतीकरण (P.P.T.)** किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की।

कार्यक्रम का संचालन इन्क्यूबेशन सेण्टर के प्रभारी डॉ0 संजय सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों, प्रभारी निदेशक, निदेशक सीका, प्रभारी, कुलसचिव, वित्त अधिकारी एवं इन्क्यूबेशन सेण्टर के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।









कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शाह ने असम में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति की समीक्षा की P-10





उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सोमवार को शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

# सोशल मीडिया की चुनौती पर मंथन

■ मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

प्रयागराज, संवाददाता। टेक्नोलॉजी इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती है जिसके हम गुलाम बनते जा रहे हैं। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की वजह से लोग एक दूसरे से डिस्कनेक्ट हो गए हैं।

मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल बहुत आवश्यक है। यह बातें प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कही। वे सोमवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में मन की स्थिरता एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर सक्षमता निर्माण संबंधी विषय पर अभिविन्यास कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदात्री डॉ.रूपा शंकर ने कहा कि शरीर पांच तत्वों के मेल से बना है। अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि घर में एवं कार्य स्थल पर मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सही होना आवश्यक है। इस अवसर पर प्रो. पीके पांडेय, डॉ. सुरेंद्र कुमार, प्रो. छत्रसाल सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रयागराज, मंगलवार 10 मई, 2022

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए भिड़ेंगे गुजरात और लखनऊ 12 | पार्टी ने सबको दिया, अब लौटाने का समय 13



## तकनीक की गुलामी है सदी की सबसे बड़ी चुनौती

**जासं, प्रयागराज** : इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती तकनीक की गुलामी है। स्मार्टफोन और इंटरनेट मीडिया की वजह से लोग भावनात्मक रूप से दूर होते जा रहे हैं, जबकि मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल बहुत आवश्यक है। उक्त बातें प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम में व्यक्त किया। सोमवार को मुक्त विश्वविद्यालय व प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मन की स्थिरता एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। मनोविज्ञानी डा. रूपाशंकर ने कहा कि शरीर में पंच तत्वों के असंतुलन से समस्याएं उत्पन्न होती है। अध्यक्षता करती हुई कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि अगर शिक्षक अपने को खुश रखेंगे तभी छात्र भी उससे खुश रहेंगे। संचालन डा. सुरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रो. गिरजाशंकर शुक्ला, प्रो. पीके पांडेय आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
दबंग बनने के जुनून में पूरा ... 05
inext
'I am not a horror movie fan' 08
4 Prayagraj, 10 May 2022

# 'इंटरनेट ने बढ़ाई भावनात्मक दूरी'

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

**यूपीआरटीओयू में शिक्षक अभिविन्यास प्रोग्राम का आयोजन**

prayagraj@inext.co.in

**PRAYAGRAJ (9 May):** इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती तकनीक की गुलामी है. स्मार्टफोन और इंटरनेट मीडिया की वजह से लोग एक-दूसरे से भावनात्मक रुप से दूर होते जा रहे हैं, जबकि मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल बहुत आवश्यक है. उक्त बातें प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में हुए शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम में व्यक्त किया.



बाइस चांसलर प्रो सीमा सिंह को किया सम्मानित.

## खुद से दूर हो रहा है इंसान

सोमवार को मुक्त विश्वविद्यालय व प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मन की स्थिरता एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ. इसमें प्रो. सिंह ने लोग एक दूसरे से तो कटते जा रहे हैं. अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि व्यक्ति ने खुद से भी दूरी बना ली है, यह इस शताब्दी की गंभीर चुनौती है. जीवन में हमें प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भावना का विकास करना चाहिए, उन्होंने कहा कि आज भूख और प्यास के लिए झगड़ा नहीं हो रहा बल्कि देश की सीमा पर एक रेखा खींच दिए जाने के कारण उस सीम रेखा को लेकर झगड़ा हो रहा है. मनोवैज्ञानिक डा. रूपाशंकर ने कहा कि शरीर में पंच तत्वों के असंतुलन से समस्याएं उत्पन्न होती हैं. अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि घर में कार्य स्थल पर मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सही होना आवश्यक है. अगर शिक्षक अपने को खुश रखेगा तभी छात्र भी उससे खुश रहेंगे. संचालन डा. सुरेंद्र कुमार ने किया. कार्यक्रम में प्रो. गिरजाशंकर शुक्ला, प्रो. पीके पांडेय आदि मौजूद रहे.

---

3 राजधानी
केजीएमयू में बनेगा 200 बेड का नया ट्रामा सेंटर
6 अभिमत
भारत में बढ़ती उर्वरक सब्सिडी
9 राष्ट्रीय
धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा चक्रवात असानी
10 विदेश
रूस ने ओडेसा तट पर हमला किया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 199
लखनऊ, बुधवार, 11 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

बाहर काफी शोर होता है लेकिन मुझ पर उसका असर नहीं होता
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल जरूरीः प्रो सिंह

## मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** टेक्नोलॉजी इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती है। जिसके हम गुलाम बनते चले जा रहे हैं। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की वजह से लोग एक दूसरे से डिस्कनेक्ट हो गए हैं। मन की स्थिरता के लिए भावनात्मक संबल बहुत आवश्यक है। उक्त बातें प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज में सोमवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मन की स्थिरता एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर सक्षमता निर्माण संबंधी एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम में कहीं। प्रोफेसर सिंह ने सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोग एक दूसरे से तो डिस्कनेक्ट हो ही रहे हैं लेकिन अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि व्यक्ति ने खुद से भी दूरी बना ली है। जो इस शताब्दी की गंभीर चुनौती है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जीवन में हमें प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भावना का विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा अगर प्रतिस्पर्धा करनी ही हो तो फुटबॉल के मैच की तरह होनी चाहिए। जिसमें एक टीम के सभी खिलाड़ी गोल करने के लिए एक दूसरे को पास करते हुए फुटबॉल को गोल तक ले जाते हैं। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज सारे झगड़े वास्तविकता एवं धारणा को लेकर खड़े हुए हैं। आज भूख और प्यास के लिए झगड़ा नहीं हो रहा बल्कि देश की सीमा पर एक रेखा खींच दिए जाने के कारण उस सीमरेखा को लेकर झगड़ा हो रहा है।



सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदात्री डा रूपा शंकर को मोमेंटो देतीं कुलपति प्रो सीमा सिंह।

जबकि प्रकृति ने वह सीमरेखा बनाई ही नहीं। अभिविन्यास कार्यक्रम में बीज वक्ता सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदात्री डा रूपा शंकर ने कहा कि शरीर पांच तत्वों के मेल से बना है। जिनका असंतुलन होने से ही समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम एवं योग को हमें प्रतिदिन करना चाहिए। मन की शांति के लिए सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद के साथ ही पाक कला में भी प्रवीण होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि घर में एवं कार्य स्थल पर मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सही होना आवश्यक है। शिक्षकों को विशेष रूप से अपनी कक्षाओं में अंतर क्रिया करते समय भी इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि अगर शिक्षक अपने को खुश रखेगा तभी छात्र भी उससे खुश रहेंगे। अध्यापकों के अंदर यह भावना भी विकसित होनी चाहिए कि जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करें। प्रो सिंह ने कहा कि गुस्से एवं तनाव को किस प्रकार नियंत्रित किया जाए यह बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए दूसरों की भावनाओं को समझने की कोशिश करनी चाहिए। विषय प्रवर्तन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने करते हुए कहा के शरीर में चोट लगने पर हम तुरंत डॉक्टर के पास जाते हैं परंतु हमें न जाने कितनी बार मानसिक चोट का सामना करना पड़ता है। जिसका जिक्र हम कहीं नहीं करते। उन्होंने कहा कि मन और भावना का संयोग बहुत विचित्र है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के निदेशक प्रोफेसर पीके पांडेय ने किया। संचालन डा सुरेंद्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने किया।

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
14 मई, 2022





मुविवि के क्षेत्रीय केन्द्र, झॉसी पर टैवलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्रयें एवं मा0 अतिथि।





## मुविवि के क्षेत्रीय केन्द्र झॉंसी पर छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र, झॉसी पर दिनांक 14 मई, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अन्तर्गत टैवलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष, भाजपा रहे। मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा ने 14 विद्यार्थियों को टैवलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय केन्द, झॉसी की समन्वयक, डॉ0 रेखा त्रिपाठी, ने की। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र–छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।



















उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी केंद्र पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किए गए। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा महानगर अध्यक्ष भाजपा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की यह अनुपम पहल है। निश्चित ही छात्र इससे सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अग्रणी होकर नवाचार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा की हम जहां भी रहते हैं जिस क्षेत्र में काम करते हैं । आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कुछ गरीब छात्रों को पढ़ने में कुछ सीखने में मदद कर सकते हैं सरकार का यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टेबलेट और स्मार्टफोन पहुंचे जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो और वह एक मजबूत और सक्षम समाज का निर्माण कर सकें । वर्तमान सरकार के टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण के उद्देश्यों को साझा करते हुए सभी छात्रों को देश और समाज को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने का संकल्प लेने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक डॉ रेखा त्रिपाठी ने छात्रों को बताया की जब देश का हर युवा स्मार्ट होगा, सुदृढ़ होगा, तभी देश तरक्की करेगा ,टेबलेट पाकर सभी बहुत प्रसन्न और उत्साहित दिखे। इस अवसर पर वि वि से सभी स्टाफ उपस्थित रहे।








## देश और समाज को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने का संकल्प ले छात्रः मुकेश

**तेजस टूडे ब्यूरो, मुकेश तिवारी**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी केंद्र पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किए गए। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा महानगर अध्यक्ष भाजपा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की यह अनुपम पहल है। निश्चित ही छात्र इससे सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अग्रणी होकर नवाचार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा की हम जहां भी रहते हैं जिस क्षेत्र में काम करते हैं, आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कुछ गरीब छात्रों को पढ़ने में, कुछ सीखने में मदद कर सकते हैं, सरकार का यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टेबलेट और स्मार्टफोन पहुंचे जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो और वह एक मजबूत और सक्षम समाज का निर्माण कर सकें।

## हर युवा स्मार्ट होगा, सुदृढ़ होगा, तभी देश करेगा तरक्की

### उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी केंद्र ने वितरित किए टेबलेट



**झाँसी।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी कें पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्ग टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किए गए। वितरण समारोह के मुख्य अति मुकेश मिश्रा महानगर अध्यक्ष भाजपा ने इस अवसर पर कहा कि सरका की यह अनुपम पहल है। निश्चित ही छात्र इससे सूचना प्रौद्योगिकी के यु में अग्रणी होकर नवाचार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा की हम जहां भी रह हैं जिस क्षेत्र में काम करते हैं आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कु गरीब छात्रों को पढ़ने में कुछ सीखने में मदद कर सकते हैं। सरकार क यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टेबलेट और स्मार्टफोन पहुंचे जिस छात्रों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो और वह एक मजबूत औ सक्षम समाज का निर्माण कर सकें । वर्तमान सरकार के टेबलेट ए स्मार्टफोन वितरण के उद्देश्यों को साझा करते हुए सभी छात्रों को देश औ समाज को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने का संकल्प लेने की सलाह दी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक डॉ रेखा त्रिपाठी ने छात्र को बताया कि जब देश का हर युवा स्मार्ट होगा, सुदृढ़ होगा, तभी दे तरक्की करेगा ,टेबलेट पाकर सभी बहुत प्रसन्न और उत्साहित दिखे। इ अवसर पर वि वि से सभी स्टाफ उपस्थित रहे।



## हर युवा स्मार्ट होगा, सुदृढ़ होगा, तभी देश करेगा तरक्की

**झाँसी।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी केंद्र पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किए गए। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा महानगर अध्यक्ष भाजपा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की यह अनुपम पहल है। निश्चित ही छात्र इससे सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अग्रणी होकर नवाचार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा की हम जहां भी रहते हैं जिस क्षेत्र में काम करते हैं आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कुछ गरीब छात्रों को पढ़ने में कुछ सीखने में मदद कर सकते हैं। सरकार का यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टेबलेट और स्मार्टफोन पहुंचे जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो और वह एक मजबूत और सक्षम समाज का निर्माण कर सकें । वर्तमान सरकार के टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण के उद्देश्यों को साझा करते हुए सभी छात्रों को देश और समाज को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने का संकल्प लेने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक डॉ रेखा त्रिपाठी ने छात्रों को बताया कि जब देश का हर युवा स्मार्ट होगा, सुदृढ़ होगा, तभी देश तरक्की करेगा ,टेबलेट पाकर सभी बहुत प्रसन्न और उत्साहित दिखे। इस अवसर पर वि वि से सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी केंद्र ने वितरित किए टेबलेट





**संवाददाता दैनिक पालिग्राफ**

झांसी, 14 मई 2022 (दैनिक पालिग्राफ)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज झांसी केंद्र पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किए गए। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा महानगर अध्यक्ष भाजपा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की यह अनुपम पहल है। निश्चित ही छात्र इससे सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अग्रणी होकर नवाचार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा की हम जहां भी रहते हैं जिस क्षेत्र में काम करते हैं आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कुछ गरीब छात्रों को पढ़ने में कुछ सीखने में मदद कर सकते हैं सरकार का यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टेबलेट और स्मार्टफोन पहुंचे जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो और वह एक मजबूत और सक्षम समाज का निर्माण कर सकें वर्तमान सरकार के टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण के उद्देश्यों को साझा करते हुए सभी छात्रों को देश और समाज को तकनीकी रूप से शुद्दृढ़ बनाने का संकल्प लेने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक डॉ रेखा त्रिपाठी ने छात्रों को बताया की जब देश का हर युवा स्मार्ट होगा, सुदृढ़ होगा, तभी देश तरक्की करेगा ,टेबलेट पाकर सभी बहुत प्रसन्न और उत्साहित दिखे। इस अवसर पर वि वि से सभी स्टाफ उपस्थित रहे।



# मुक्त चिन्तन

News Letter



उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन    15 मई, 2022








*मुविवि के अध्ययन केन्द्र, आगरा पर टैवलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्रयें एवं मा0 अतिथि।*

## मुविवि के अध्ययन केन्द्र पर छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के अध्ययन केंद्र जी. एस.ए. कालेज ऑफ एजुकेशन, आगरा में उत्तर प्रदेश सरकार की तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत कुल 53 छात्र–छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किए गये। वितरण समारोह की मुख्य अतिथि जी. एस.ए. कालेज ऑफ एजुकेशन, आगरा की अध्यक्ष एवं बरौली अहीर की पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुनीता यादव रही। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता यादव ने सरकार के इस कार्य की सराहना की और कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में इस उपकरण द्वारा छात्रें को अध्ययन में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कृषि विज्ञान विद्याशाखा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 सत्येंद्र यादव उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टेबलेट स्मार्टफोन वितरण का मुख्य उद्देश्य सभी वर्ग के छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। टैबलेट एवं स्मार्टफोन पाकर सभी छात्रों में उत्साह व प्रसन्नता दिखी। की इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ0 संगीता श्रीवास्तव, शिवराम राठौर, संगीता सिंह, विशाल कुमार, सारिका, कुमारी हेमा, कुमारी रितु देवी, जितेंद्र, राहुल दीक्षित व अन्य क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । विश्वविद्यालय की मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र–छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।








# मुक्त चिन्तन

News Letter



उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

16 मई, 2022





## डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण

उ0प्र0 राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (एस–16) पर डिजिटल एंपावरमेंट योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण दिनांक 16 मई, 2022 (बुद्ध पूर्णिमा) के अवसर पर किया गया। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष शिक्षासंकाय प्रोफेसर शोभा गौड़, विशिष्ट अतिथि डॉ0 प्रवीण कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक, क्षेत्रीय केन्द्र, गोरखपुर अध्ययन केन्द्र समन्वयक प्रो0 संजीत कुमार गुप्ता एवं सह–समन्वयक प्रो0 विमलेश कुमार मिश्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर 135 टैबलेट एवं 26 स्मार्टफोन का वितरण किया गया।















# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

मुक्त चिन्तन

17 मई, 2022






*मुविवि के क्षेत्रीय केन्द्र, गोरखपुर पर टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्रयें एवं मा0 अतिथि।*

## मुविवि के क्षेत्रीय केन्द्र पर हुआ टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण

उ0 प्र0 राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र, क्षेत्रीय केन्द्र, गोरखपुर पर डिजिटल साक्षरता योजना के अंतर्गत टेबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया गया। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो0 राजेश कुमार सिंह, आचार्य शिक्षाशास्त्र विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर रहे। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने परास्नातक के 32 एवं स्नातक के 5 विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित किए। विश्वविद्यालय, की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र–छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रियतोष कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ0 प्रवीण कुमार व क्षेत्रीय केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।












**मुख्य अतिथि प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने कहा कि** दूरस्थ शिक्षा के छात्रों को सरकार द्वारा तकनीकी रूप से सशक्त करना सराहनीय पहल है। इसके माध्यम से छात्रों को अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी और अपनी सुविधानुसार वे अध्ययन कर सकेगें। सरकार का यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टेबलेट और स्मार्टफोन पहुचे, जिससे छात्रों को अध्ययन करने में कोई समस्या न हो। आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कुछ गरीब छात्रों को पढ़ने में कुछ सीखने में मदद कर सकते है।





कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोरखपुर के क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक **डॉ0 प्रवीण कुमार ने कहा कि** युवा शक्ति का लाभ लेने के लिए भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया योजना को लांच किया गया था। जिसका उद्देश्य हर घर में कम से कम एक व्यक्ति को डिजिटल रूप से साक्षर बनाना है और उन्हें टैबलेट, स्मार्टफोन जैसे डिजिटल उपकरणों को संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करना है। जिसमें ई–मेल भेजना और प्राप्त करना, इंटरनेट ब्राउज करना और डिजिटल भुगतान कर सकें। इसके लिए कम से कम भारत में 35–40 करोड़ लोगों तक डिजिटल साक्षरता पहुंचाना है। यह बहुत बड़ा एवं कठिन लक्ष्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए उ0प्र0 सरकार ने युवाओं की तकनीकी रूप से कुशल बनाने के लिए टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित करा रही है।

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित



मुक्त चिन्तन

18 मई, 2022


## राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) की रीजनल सेन्टर एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित




बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा बैठक में उपस्थित सदस्यगण।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) की रीजनल सेन्टर एडवाइजरी कमेटी की बैठक दिनांक 18 मई, 2022 को दोपहर 11:30 बजे क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागरात में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

बैठक में प्रो0 सरोज शर्मा, चेयरपर्सन, NIOS, मुख्यालय, नोएडा, श्री एस. विजया कुमार, निदेशक, NIOS, मुख्यालय, नोएडा, प्रो0 पी.पी. दुबे, कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ0 अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, प्रयागराज आदि उपस्थित रहे।




मा0 अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ0 अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, प्रयागराज



आज
हर जगह आग बरसा रहे बादल
आज गोरखपुर गोरखपुर, बुधवार, १८ मई, २०२२ ४





# पीआरटीओयू के क्षेत्रीय केन्द्र पर हुआ टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण

गोरखपुर, १७ मई। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालयए प्रयागराज के अध्ययन केन्द्रए क्षेत्रीय केन्द्रए गोरखपुर ;एस.1603द्ध पर डिजिटल साक्षरता योजना के अंतर्गत टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया गया। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार सिंहए आचार्य शिक्षाशास्त्र विभागए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालयए गोरखपुर रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने कहा दूरस्थ शिक्षा के छात्रों को सरकार द्वारा तकनीकी रूप से सशक्त करना सराहनीय पहल है। इसके माध्यम से छात्रों को अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी और अपनी सुविधानुसार वे अध्ययन कर सकेगें। सरकार का यह उद्देश्य है कि सभी वर्ग तक यह टैबलेट और स्मार्टफोन पहुचेए जिससे छात्रों को अध्ययन करने में कोई समस्या न हो। आप अपने इस उपकरण के माध्यम से कुछ गरीब छात्रों को पढ़ने में कुछ सीखने में मदद कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक डॉ0 प्रवीण कुमार ने कहा कि युवा शक्ति का लाभ लेने के लिए भारत सरकार द्वारा 'डिजिटल इंडियाष् योजना को लांच किया गया था। जिसका उद्देश्य हर घर में कम से कम एक व्यक्ति को डिजिटल रूप से साक्षर बनाना है और उन्हें टैबलेट, स्मार्टफोन जैसे डिजिटल उपकरणों को संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करना है। जिसमें ई.मेल भेजना और प्राप्त करना, इंटरनेट ब्राउज करना और डिजिटल भुगतान कर सकें। इसके लिए कम से कम भारत में 35.40 करोड़ लोगों तक डिजिटल साक्षरता पहुंचाना है। यह बहुत बड़ा एवं कठिन लक्ष्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाने के लिए टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित करा रही है। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालयए गोरखपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने परास्नातक के 32 एवं स्नातक के 5 विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित किए। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र.छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रियतोष कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय समन्वयक डॉ0 प्रवीण कुमार व क्षेत्रीय केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमर उजाला
गोरखपुर
बुधवार, 18 मई 2022
आत्मनिर्भर भारत मोदी बोले-2जी घोटाले में दशक गया...दस वर्षों में 6जी तक पहुंचेंगे...12 उत्तर प्रदेश
अमर उजाला गोरखपुर amarujala.com गोरखपुर | बुधवार, 18 मई 2022 8



# विद्यार्थियों को मिला टैबलेट और स्मार्टफोन

गोरखपुर। उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र पर परास्नातक के 32 एवं स्नातक के पांच विद्यार्थियों को मंगलवार को टैबलेट एवं स्मार्टफोन दिया गया। मुख्य अतिथि गोविवि के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. राजेश कुमार सिंह थे। ब्यूरो

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सिंधिया बोले, ड्रोन पायलट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुल्क चार महीने में घटेगा



हिन्दुस्तान www.livehindustan.com अपने युवा गोरखपुर, बुधवार, 18 मई 2022 06

# विद्यार्थियों को मिला टैबलेट एवं स्मार्टफोन

गोरखपुर। उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र पर परास्नातक के 32 एवं स्नातक के 5 विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण हुआ। मुख्य अतिथि डीडीयू के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. राजेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. प्रवीण कुमार मौजूद रहे। राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने ऑनलाइन सभी को शुभकामनाएं दी।

मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

18 मई, 2022




# मुविवि में भारतीय संस्कृति की मूल चेतना पर व्याख्यान




उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में दिनांक 18 मई, 202 को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में **भारतीय संस्कृति की मूल चेतना** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो0 ए0 क0 सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 ओमजी गुप्ता ने की। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत समाज विज्ञान विद्याशाखा के प्रभारी प्रो0 एस. कुमार ने किया। संचालन डॉ0 सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ0 संजय सिंह, डॉ0 आनंदानंद त्रिपाठी एवं डॉ0 दीपशिखा श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



# आत्मचेतना से ही मनुष्य श्रेष्ठ– प्रोफेसर सिन्हा

मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए के सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ने व्याख्यान देते हुए कहा कि आत्म चेतना मनुष्य को निरंतर गतिशील बनाए रखती है। चेतना की अभिव्यक्ति ही गतिशीलता प्रदान करती है। मनुष्य पशुओं से इसलिए श्रेष्ठ है क्योंकि उसमें आत्म चेतना होती है। आत्म चेतना मनुष्य को श्रेष्ठता प्रदान करती हैं।

प्रोफेसर सिन्हा ने कहा कि आत्म चेतना के कारण ही आगे बढ़ने की प्रवृत्ति संस्कृति का विकास करती है। इसी से मूल्य चेतना का विकास होता है। उच्च लक्ष्य को प्राप्त करना ही मूल्य चेतना है। संस्कृति मूल्यों का समूच्चय है। प्रोफेसर सिन्हा ने कहा कि चेतना से संस्कृति का स्वरूप निर्धारण होता है।भारतीय संस्कृति मे चेतना के मूल्य को खोजने की प्रवृत्ति है ।



## भारतीय संस्कृति विश्वबंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है : प्रो0 गुप्ता



अध्यक्षीय उदबोधन करते हुए प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 ओमजी गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्वबंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है। आज जहां पूरा विश्व बहुत सीमित हो गया है, वहीं पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखने की भारतीय संस्कृति की परिकल्पना साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व की अन्य सभी संस्कतियां तहस–नहस हो गई।एक भारतीय संस्कृति ही है जिसका वजूद अभी भी कायम है।

# आत्मचेतना से ही मनुष्य होता है श्रेष्ठः प्रो सिन्हा

## ● मुविवि में भारतीय संस्कृति की मूल चेतना पर व्याख्यान



कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में सरस्वती परिसर के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में भारतीय संस्कृति की मूल चेतना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एके सिन्हा पूर्व विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विवि बरेली ने व्याख्यान देते हुए कहा कि आत्मचेतना मनुष्य को निरंतर गतिशील बनाए रखती है। चेतना की अभिव्यक्ति ही गतिशीलता प्रदान करती है। मनुष्य पशुओं से इसलिए श्रेष्ठ है क्योंकि उसमें आत्म चेतना होती है। आत्म चेतना मनुष्य को श्रेष्ठता प्रदान करती हैं। प्रोफेसर सिन्हा ने कहा कि आत्म चेतना के कारण ही आगे बढ़ने की प्रवृत्ति संस्कृति का विकास करती है। इसी से मूल्य चेतना का विकास होता है। उच्च लक्ष्य को प्राप्त करना ही मूल्य चेतना है। संस्कृति मूल्यों का समूच्चय है। प्रोफेसर सिन्हा ने कहा कि चेतना से संस्कृति का स्वरूप निर्धारण होता है। भारतीय संस्कृति मे चेतना के मूल्य को खोजने की प्रवृत्ति है।

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर ओमजी गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्वबंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है। आज जहां पूरा विश्व बहुत सीमित हो गया है। वहीं पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखने की भारतीय संस्कृति की परिकल्पना साकार हो रही है। विश्व की अन्य सभी संस्कृतियां तहस नहस हो गई। एक भारतीय संस्कृति ही है जिसका वजूद अभी भी कायम है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत समाज विज्ञान विद्या शाखा के प्रभारी प्रोफेसर एस कुमार ने किया। संचालन डा सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डा त्रिविक्रम तिवारी ने किया। डा संजय सिंह डा आनंदानंद त्रिपाठी एवं डा दीपशिखा श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विवि के निदेशक शिक्षक एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित





19 मई, 2022

मुक्त चिन्तन




*मुविवि के अध्ययन केन्द्र, मेरठ पर टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्रयें एवं मा0 अतिथि।*

## मुविवि के क्षेत्रीय केन्द्र पर हुआ टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण

उ0 प्र0 राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र, ईस्माइल नेशनल महिला पी.जी. कालेज, मेरठ पर डिजिटल साक्षरता योजना के अंतर्गत दिनांक 19 मई, 2022 को 23 छात्र–छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया गया। वितरण समारोह की मुख्य अतिथि डॉ0 सरोजनी अग्रवाल, विधायक, भजपा, मेरठ रही। विश्वविद्यालय, की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह की ओर से छात्र–छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव, डॉ0 अजय अग्रवाल, नोडल अधिकारी, डॉ0 ममता सिंह, प्राचार्या, डॉ0 अनिता राठी, शिक्षक, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, मेरठ की क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक डॉ0 पूनम गर्ग एवं क्षेत्रीय केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।








News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

22 मई, 2022

## कैबिनेट मंत्री नंदी ने बांटे मुक्त विश्वविद्यालय में छात्रें को टैबलेट और स्मार्टफोन




उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज में अध्ययनरत स्नातक तथा परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तकनीकी सशक्तिकरण हेतु दिनांक 22 मई, 2022 को सरस्वती परिसर के अटल प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश सरकार के मा0 कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने परास्नातक अंतिम वर्ष के 634 तथा स्नातक अंतिम वर्ष के 122 छात्र– छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी एवं कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 पी. पी. दुबे की पुस्तक एग्रीकल्चर एंड एन ई पी–2020 का विमोचन किया।

अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के प्रभारी प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल, निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा ने किया। समारोह का संचालन डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो0 पी. पी. दुबे ने किया। क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के समन्वयक डॉ0 अभिषेक सिंह एवं उनकी टीम ने 1000 की क्षमता वाले अटल प्रेक्षागृह में 756 छात्र–छात्राओं को व्यवस्थित ढंग से स्मार्टफोन का वितरण किया।




समारोह का संचालन करते हुए डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी तथा मंचासीन मा0 अतिथिगण।

दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि मा0 कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी एवं कुलपति प्रो0 सीमा सिंह





अतिथियों का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के प्रभारी प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल, एवं निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा








मुख्य अतिथि मा0 कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान करती हुई कुलपति प्रो0 सीमा सिंह







कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान करते हुए क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के प्रभारी प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल, एवं निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा

# एग्रीकल्चर एंड एन ई पी–2020 पुस्तक का विमोचन




विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 पी. पी. दुबे की पुस्तक एग्रीकल्चर एंड एन ई पी–2020 का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि मा0 कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी एवं कुलपति प्रो0 सीमा सिंह, प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल, निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा एवं डॉ0 अभिषेक सिंह







## सफलता का कोई शार्टकट नहीं, लगातार परिश्रम करते रहें– नंद गोपाल गुप्ता

**श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी जी**

मा0 कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश

मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन आर आई एवं निवेश प्रोत्साहन मा0 मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने 1000 की क्षमता वाले अटल प्रेक्षागृह में उपस्थित शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा सकती है इसलिए अपने जीवन में कभी भी नकारात्मकता को स्थान न दें और मन को कमजोर न होने दें।







श्री नंदी ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। जहां विलक्षण प्रतिभा का अक्षय भंडार उपस्थित है। युवा किसी भी राष्ट्र के इतिहास निर्माता एवं दिशा प्रदानकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र एवं वैश्विक स्तर पर अपनी विलक्षण प्रतिभा के द्वारा सकारात्मक योगदान प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने छात्र–छात्राओं का आह्वान किया कि वह संघर्षों से न घबराएं, सफलता उनके कदम चूमेगी। श्री नंदी ने अपना उदाहरण देते हुए बताया कि प्रारंभ में उन्होंने भी कठिन संघर्ष किया और आज देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में तीसरी बार कैबिनेट मंत्री के पद पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, इसलिए लगातार परिश्रम करते रहें। कहा कि अगर किसी को कोई अड़चन आती है तो वह उसकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को मेरिट के आधार पर, कार्य कुशलता के आधार पर तथा उनकी क्षमता के आधार पर सेवायोजित कर रही है।



**श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी जी**

मा0 कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश





# विश्वविद्यालय अपने छात्र छात्राओं के उचित मार्गदर्शन के लिए हमेशा तैयार है : कुलपति




**मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह**

अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा कि टैबलेट एवं स्मार्टफोन तकनीक की जानकारी में छात्र–छात्राओं की मदद करेगा। उन्होंने छात्र–छात्राओं का आह्वान किया कि वह इनका सदुपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने छात्र छात्राओं के उचित मार्गदर्शन के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित किए जाने पर उत्तर प्रदेश सरकार तथा मुख्य अतिथि मा0 कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी के प्रति आभार व्यक्त किया।




















Digiशक्ति
Digiशक्ति
उ. प्र. में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु





















धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कुलसचिव प्रो0 पी.पी. दुबे

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार



रोहित ने कहा, थोड़े बदलाव करने से फॉर्म में वापसी कर लूंगा

# सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च पर पहुंचाती है : नंदी



## राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण किया गया।

**समारोह**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र में रविवार को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण समारोह आयोजित हुआ। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने परास्नातक अंतिम वर्ष के 634 तथा स्नातक अंतिम वर्ष के 122 छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया। मंत्री ने कहा कि सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च पर पहुंचा सकती है इसलिए अपने जीवन में कभी नकारात्मकता को स्थान न दें और मन को कमजोर न होने दें।नंदी ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। जहां विलक्षण प्रतिभा का अक्षय भंडार उपस्थित है। युवा किसी भी राष्ट्र के इतिहास निर्माता एवं दिशा प्रदानकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र एवं वैश्विक स्तर पर अपनी विलक्षण प्रतिभा से सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वह संघर्षों से न घबराएं, सफलता उनके कदम चूमेगी। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसलिए लगातार परिश्रम करते रहें।

दैनिक जागरण
Prayagraj, Monday, 23 May 2022
PRAYAGRAJ EDITION
Price ₹3.50/- Pages 10
www.inextlive.com
inext
Only at ₹3.50 daily



'इतालवी चश्मा उतार दे ...' } 05

'You don't need to become...' } 06

Max: 41.0°c Min: 27.0°c

# नंदी ने छात्रों को बांटे टैबलेट

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

**मुक्त विवि में आयोजित हुए नि:शुल्क वितरण, कुलपति ने प्रदेश सरकार का जताया आभार**



मुक्त विवि में टैबलेट वितरण करने पहुंचे नंदी का हुआ स्वागत.

prayagraj@inext.co.in

**PRAYAGRAJ (22 May):** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में परास्नातक अंतिम वर्ष के 634 व स्नातक अंतिम वर्ष के 122 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरित हुआ. मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा सकती है. सफलता पानी है तो नकारात्मकता को स्थान न दें. न ही मन को कमजोर न होने दें.

## भारत युवाओं को देश

शिक्षार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए नंदी ने कहा कि भारत युवाओं का देश है. जहां विलक्षण प्रतिभा का अक्षय भंडार उपस्थित है. युवा किसी भी राष्ट्र के इतिहास निर्माता एवं दिशा प्रदानकर्ता होते हैं. युवा संघर्षों से न घबराएं, सफलता उनके कदम चूमेगी. कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, इसलिए लगातार परिश्रम करते रहें. सरकार युवाओं को मेरिट, कार्य कुशलता और उनकी क्षमता के आधार पर सेवायोजित कर रही है. अध्यक्षता करते हुए मुवि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि टैबलेट एवं स्मार्टफोन तकनीक की जानकारी में छात्र-छात्राओं की मदद करेगा. कैबिनेट मंत्री और कुलपति ने विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो. पीपी दुबे की पुस्तक एग्रीकल्चर एंड एनईपी-2020 का विमोचन किया. प्रभारी प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल, कुलसचिव प्रोफेसर पीपी दुबे, समन्वयक डा. अभिषेक सिंह, संचालन डा. त्रिविक्रम तिवारी ने किया.

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 23 मई, 2022

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं

**● कैबिनेट मंत्री नंदी ने मुक्त विवि में छात्रों को बांटे टैबलेट और स्मार्टफोन**
**● निदेशक, कृषि विज्ञान की पुस्तक का विमोचन**



टैबलेट वितरित करते मंत्री नंदी।

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के क्षेत्रीय केंद्र में अध्ययनरत स्नातक तथा परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को रविवार को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किया गया। उप्र सरकार द्वारा तकनीकी सशक्तिकरण हेतु सरस्वती परिसर के अटल प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं विवि की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने परास्नातक अंतिम वर्ष के 634 तथा स्नातक अंतिम वर्ष के 122 छात्र छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किया। मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा सकती है। इसलिए अपने जीवन में कभी भी नकारात्मकता को स्थान न दें और मन को कमजोर न होने दें। मंत्री नंदी ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। जहां विलक्षण प्रतिभा का अक्षय भंडार है। युवा किसी भी राष्ट्र के इतिहास निर्माता एवं दिशा प्रदानकर्ता होते हैं। युवा राष्ट्र एवं वैश्विक स्तर पर अपनी विलक्षण प्रतिभा के द्वारा सकारात्मक योगदान प्रदान कर सकते हैं। छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वह संघर्षों से न घबराएं सफलता उनके कदम चूमेगी। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए लगातार परिश्रम करते रहें। कहा कि अगर किसी को कोई अड़चन आती है तो वह उसकी मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। वर्तमान सरकार युवाओं को मेरिट के आधार पर कार्य कुशलता के आधार पर तथा उनकी क्षमता के आधार पर सेवायोजित कर रही है। अध्यक्षता कर रहीं मुक्त विवि की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि टैबलेट एवं स्मार्टफोन तकनीक की जानकारी में छात्र छात्राओं की मदद करेगा। उन्होंने छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वह इनका सदुपयोग करेंगे। विश्वविद्यालय अपने छात्र छात्राओं के उचित मार्गदर्शन के लिए हमेशा तैयार है। विवि के छात्र छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित किए जाने पर उत्तर प्रदेश सरकार तथा मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं कुलपति प्रो सीमा सिंह ने विवि के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी पी दुबे की पुस्तक एग्रीकल्चर एंड एनईपी 2020 का विमोचन किया। क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयक डा अभिषेक सिंह एवं उनकी टीम ने अटल प्रेक्षागृह में 756 छात्र छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण कराया। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के प्रभारी प्रोफेसर डा गिरिजा शंकर शुक्ल निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा ने किया।

दैनिक जागरण
प्रयागराज, सोमवार 23 मई, 2022
युवा जागरण

# नकारात्मकता सफलता में रोड़ा इससे दूर रहें शिक्षार्थी : नंदी

**जासं, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में परास्नातक अंतिम वर्ष के 634 व स्नातक अंतिम वर्ष के 122 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरित हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहाकि सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा सकती है। सफलता पानी है तो नकारात्मकता को स्थान न दें। न ही मन को कमजोर होने दें।

शिक्षार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए नंदी ने कहाकि भारत युवाओं का देश है। जहां विलक्षण प्रतिभा का अक्षय भंडार है। युवा किसी भी राष्ट्र के इतिहास निर्माता एवं दिशा प्रदानकर्ता होते हैं। युवा संघर्षों से न घबराएं, सफलता उनके कदम चूमेगी। कहाकि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, इसलिए लगातार परिश्रम करते रहें। सरकार युवाओं को मेरिट, कार्य कुशलता और उनकी क्षमता के आधार पर सेवायोजित कर रही है।

अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहाकि टैबलेट एवं स्मार्टफोन तकनीक की जानकारी में छात्र-छात्राओं की मदद करेगा। कैबिनेट मंत्री और कुलपति ने विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो. पीपी दुबे की पुस्तक एग्रीकल्चर एंड एनईपी-2020 का विमोचन किया। प्रभारी प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल, कुलसचिव प्रोफेसर पीपी दुबे, समन्वयक डा. अभिषेक सिंह, संचालन डा. त्रिविक्रम तिवारी ने किया।



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र में स्नातक तथा परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया ● साभार : पीआरओ

## एक नजर में

### 30 तक होंगे प्रवेश

**लखनऊ :** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक व परास्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष में आनलाइन प्रवेश का 30 मई तक मौका है। विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय समन्वयक नीरांजलि सिन्हा ने बताया कि दिसंबर 2021-22 बैच के अंतर्गत अभ्यर्थी वेबसाइट www.uprtou.ac.in व वेब लिंक admission.onlineuprtou.in से शुल्क जमा कर सकते हैं। (जासं)

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
26 मई, 2022



मानीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी

# कृषि विज्ञान विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, शिक्ष विज्ञान विद्याशाखा एवं विज्ञान विज्ञान विद्याशाखा की समीक्षा बैठक आयोजित

मानीया कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, शिक्षा विद्याशाखा एवं विज्ञान विद्याशाखा की समीक्षा बैठक दिनांक 26 मई, 2022 को कमेटी कक्ष में आहूत हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में कृषि विज्ञान विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, शिक्षा विद्याशाखा एवं विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक/प्रभारी निदेशक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।







*मानविकी विद्याशाखा की समीक्षा बैठक करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं उपस्थित कृषि विज्ञान विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, शिक्षा विद्याशाखा एवं विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक तथा शिक्षकगण*

## मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा एवं विज्ञान विज्ञान विद्याशाखा के साथ विभिन्न दिनांकः 66 मई, 2022 को सम्पन्न हुयी समीक्षा बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिए–

1. **प्रोजेक्ट–** मा0 कुलपति जी ने कहा कि सभी विद्याशाखा के सभी प्राध्यापक शोध परियोजनाओं का प्रस्ताव बनाकर यथाशीघ्र विश्वविद्यालय में जमा करें। जिसे समय से शासन को प्रेषित कराया जा सके। जिन्होंने अभी तक प्रोजेक्ट नहीं बनाया है वे भी भविष्य के लिए तैयार रखें।
2. **अध्ययन सामग्री लेखन (SLM)** – अध्ययन सामग्री लेखन के सम्बन्ध में आपने निर्देश किया कि कोर्स समन्वयक सभी लेखकों से लगातार सम्पर्क में रहे।ऐसे लेखक जो लेखन कार्य के प्रति बिल्कुल उदासीन हैं उनके लेखकीय दायित्व को निरस्त करते हुए दूसरे लेखकों के नाम का अनुमोदन प्राप्त करते हुए इस कार्य में शीघ्रता लाएं।
3. **शोध पत्र–** विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाले शोध पत्रिका हेतु सभी अध्यापक अपने शोध पत्र यथाशीघ्र विश्वविद्यालय में प्रशासन अनुभाग में जमा करें। देश–विदेश से प्रकाशित होने वाली अन्य शोध पत्रिकाओं में भी शोध पत्र प्रेषित करें। कम से कम एक शोध पत्र स्कोपस जर्नल में भी शिक्षकगण प्रकाशित करें। साथ ही स्कोपस जर्नल में शोध पत्र छपने पर रिसर्च पॉलिसी के तहत मानदेय देने की प्रक्रिया की जाये।
4. **परामर्श कक्षायें–** ऑनलाइन कक्षा लेने के साथ ही समय–सारणीय तैयार करने हेतु निदेशकों एवं अध्यापकों को निर्देशित किया।
5. **वेबसाइट–** विद्याशाखा द्वारा जो भी गतिविधियां सम्पन्न की जायें उन्हें तत्काल सम्पूर्ण रिपोर्ट/फोटोग्राफ के साथ यशाशीघ्र (अधिकतम 3 दिन) वेबसाइट तथा इस्ट्राग्राम, फेसबुक, यू–टयूब पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सामाजिक, सांस्कृतिक या अन्य गतिविधियों को सतत रूप से सम्पादित की जाये। काउन्सिलिंग क्लास की टाइम टेबिल एवं अधिन्यास पेपर की जो भी गतिविधियों हो उसे भी बेवसाइट पर अपलोड कराया जाय।
6. **सेमिनार/व्याख्यान/वर्कशाप–** सभी विद्याशाखाएं समय–समय पर व्याख्यान, सेमिनार, .अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार एवं वर्कशाप का आयोजन करें। इसके साथ ही शोध में नैतिकता के पक्ष से सम्बन्धित सैद्धान्तिक/तकनीकी पक्ष को लेकर व्याख्यान आयोजित करने हेतु भी निर्देश दिये।
7. **निष्प्रयोज्य सामग्री–** सभी विद्याशाखा निष्प्रयोज्य सामग्री की सूची बनाकर कुलसचिव को प्रेषित करें।
8. **आत्म मूल्यांकन (सेल्फ अप्रेजल)** – ऐसे शिक्षक जिन्होंने सम्बन्धित प्रपत्र पर सेल्फ अप्रेजल रिपोर्ट प्रेषित नहीं किया है। शीघ्र भेजे अन्यथा उनको सेवा विस्तार नहीं दिया जायेगा।
9. **ओ0ई0आर0–** जो अध्ययन सामग्री तैयार हो उस पर OER की प्रक्रिया के लिए CIQA निदेशक से वार्तालाप करे। वेबसाइट या उपलब्ध OER सामग्री का उपयोग करे।
10. **MOU-** जिन–जिन संस्थाओं के साथ विश्वविद्यालय का **MOU** हुआ है उनसे मिलकर कम से कम एक कार्यक्रम निश्चित रूप से आयोजित किए जाय एवं जिनके साथ **MOU** हुआ है उसकी लिस्ट बेबसाइट पर अपलोड करायी जाये।
11. किसी भी कमेटी के संयोजक/सदस्य यदि कोई मीटिंग करते हैं तो इस मीटिंग का सुव्यवस्थित रख रखाव (फाइलिंग) करें। सुव्यवस्थित रिपोर्ट भी बनाए।
12. दिव्यांग कार्यक्रम, आर0एन0डी0 कार्यकम एवं अतुल भारत से सम्बन्धित कार्यक्रमों की रिपोर्ट तैयार करें।
13. सभी शिक्षक/परामर्शदाता कम से कम एक **MOOC** कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें।
14. सम्पत्ति अधिकारी सम्पत्ति विभाग में हर 15 दिन पर विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों का निरीक्षण करें और जो भी कमियां मिले उसे पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस सबंध में कुलसचिव सम्पत्ति विभाग को एक पत्र जारी करे।
15. स्वच्छता अभियान के तहत सभी विद्याशाखा के निदेशक अपने–अपने विद्याशाखा की साफ–सफाई का विशेष ध्यान दें तथा स्वच्छता अभियान का विभागवार कम्पटीशन कराने पर विचार किया जाये।
16. सभी शिक्षक अपनी वार्षिक सेल्फ रिपोर्ट 30 जून 2022 तक जमा करें।
17. डिजिटल लिप्ट्रेसी सर्टीफिकेट कोर्स चलाने के सम्बंध में कुलसचिव कार्यवाही सुनिश्चित करें।
18. डीपीआर एवं फायर फायटिंग रिपोर्ट के संबंध में कुलसचिव कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
19. डिजास्टर मैनेजमेन्ट के संबंध में कुलसचिव कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
20. विश्वविद्यालय द्वारा नान–टीचिंग के लिये एक वर्कशाप/ट्रेनिंग प्रोग्राम कराया जाये।
21. बेस्ट प्रैक्टीसेज के तहत ह्यूमन लाईब्रेरी बनाने पर विचार किया जाये।

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
मुक्त चिन्तन
27 मई, 2022

# क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयको, प्रभारी निदेशकों एवं अधिकारियों की बैठक

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय केन्द समन्वयको, प्रभारी निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र, परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी एवं कुलसचिव की एक आवश्यक बैठक दिनांक 27 मई, 2022 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (आनलाइन/आफलाइन) बैठक आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रगति, प्रवेश, परीक्षा आदि मुद्दो पर चर्चा हुई।












बैठक की अध्यक्षता करती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं उपस्थित निदेशक एवं अधिकारीगण

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित





मुक्त चिन्तन

27 मई, 2022


## अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक



अपर मुख्य सचिव



मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह

दिनांक 29 मई, 2022 को अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक (जूम मीटिंग) दोपहर 01:00 बजे आयोजित की गयी। उक्त वर्चुअल बैठक में विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी, विश्वविद्यालय के समस्त विद्याशाखाओं के निदेशक/प्रभारी निदेशक,एवं कुलसचिव ने प्रतिभाग किया।




बैठक में प्रतिभाग करती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा साथ में विश्वविद्यालय के निदेशकगण

News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

28 मई, 2022

## टैबलेट वितरण कार्यक्रम




क्षेत्रीय केन्द्र बरेली पर छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया।




UPRTOU

Study Centre

S- 039

पर पी जी के छात्रों को टैबलेट

वितरित

किए गए

News Letter

मुक्त चिन्तन

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A QUARERLY BULLETIN OF UP RAJARSHI TANDON OPEN UNIVERSITY, PRAYAGRAJ

हम पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ

माह : 29 मई, 2022

# क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर के भवन
# का
# भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र गोरखपुर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29 मई 2022 को गोरखपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री योगी आदित्यनाथ जी माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश रहे। सारस्वत अतिथि सदर, गोरखपुर के माननीय सांसद, रवि किशन शुक्ल जी, माननीय राज्यसभा सांसद, श्री जयप्रकाश निषाद जी एवं गोरखपुर के महापौर श्री सीताराम जसवाल जी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।



माननीय मुख्यमंत्री
श्री योगी आदित्यनाथ जी को
पुष्प गुच्छ देकर
स्वागत करती हुई प्रो. सीमा सिंह जी
कुलपति,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विवि,
प्रयागराज




दीप प्रज्वलन कर
कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये
माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी





माननीय मुख्यमंत्री

श्री योगी आदित्य नाथ जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति देकर

स्वागत करती हुई

प्रो. सीमा सिंह जी

कुलपति,

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विवि,

प्रयागराज









भूमि पूजन करते हुये माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी



# मुख्यमंत्री ने रखी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र भवन की आधारशिला

## डिजिटल इंडिया की परिकल्पना पीएम मोदी की दूरदर्शिता की परिचायक

## विकसित देशों के विश्वविद्यालयों की सुविधा भारत में भी

गोरखपुर, 29 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लंबे समय बाद भारत ने वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार किया है। इस शिक्षा नीति में पहली बार एक साथ दो डिग्री लेने की सुविधा दी गई है। जिससे मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का महत्व बहुत बढ़ गया है। उक्त वक्तव्य सीएम योगी रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र भवन का शिलान्यास करने के बाद योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सास्कृतिक केन्द्र में आयोजित समारोह को संबोधित करतें हुए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो वर्षों में देश–दुनिया ने मुक्त विश्वविद्यालयों की महत्ता को स्वीकारा है। कोरोना काल में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई। पर, 2014 में ही पीएम मोदी ने अपनी दूरदृष्टि से जिस डिजिटल इंडिया की परिकल्पना की थी, वह कोरोना काल में दूरस्थ व ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने जब डिजिटल इंडिया की बात कही थी तब लोग हंसते थे। पर, आज इसका लाभ सर्वत्र दिख रहा है। डीबीटी के माध्यम से जब करोड़ों लोगों के बैंक खातों में सरकार की सहायता राशि पहुंचती है तो इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचता है। डिजिटल इंडिया की नई क्रांति का अनुभव सभी लोग कर रहे हैं।

## ''अब युवा परिवार पर बोझ नहीं, बन रहे स्वावलंबन का आधार'' -योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन से आज युवा परिवार पर बोझ नहीं बल्कि स्वावलंबन का आधार बन रहे हैं। स्किल इंडिया मिशन आज गांव गांव तक पहुंचा है। मुक्त विश्वविद्यालय स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बहुत कारगर हो सकता है यहां नौकरी और कामकाज करते हुए शिक्षा हासिल की जा सकती है। हम सभी को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित करना चाहिए। मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम नौकरीपेशा, कामकाज व व्यापारी वर्ग करने वालों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कौशल के जरिए ही आप समाज को कुछ देने की स्थिति में होंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ध्येय भी यही है।



## "प्रदेश में विभिन्न जिलो में स्थापित अध्ययन केन्द्र एक साथ जुड़कर आगे बढ़ सकते हैं"- योगी

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से तकनीक पक्ष पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के 1300 अध्ययन केंद्र प्रयागराज स्थित इस विश्वविद्यालय से जुड़कर परामर्श कक्षाओं का संचालन प्रदेश भर में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में स्थापित हो रहे क्षेत्रीय केंद्र की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तकनीकी के जरिए एक शिक्षक एक साथ सभी केंद्रों के छात्रों के साथ जुडकर परामर्श कक्षाएँ ले सकता है। ऐसा करने से शिक्षा व समाज की सेवा के जरिए राजर्षि टंडन की भावनाओं के अनुरूप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में भी तीव्र गति से उच्च शिक्षा के नामांकन को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जब उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा होगा तब तक गोरखपुर के क्षेत्रीय केंद्र भवन के बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है। ऐसे में मुक्त विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। सीएम ने विश्वास दिलाया कि उनकी सरकार मुक्त विश्वविद्यालय को भरपूर सहयोग देने को संकल्पित है।

राजर्षि टंडन की स्मृतियों को नमन किया मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजर्षि टंडन की स्मृतियों को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि इस मुक्त विश्वविद्यालय का नामकरण जिस महापुरुष के नाम पर है वह राजर्षि टंडन स्वतंत्रता आंदोलन कि अग्रिम पंक्ति में समर्पित रहे। वरिष्ठ राजनेता महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व हिंदी के अनन्य उपासक राजर्षि टंडन आजादी के बाद भी समाज की सेवा व शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बढ़ा मुक्त विवि के पाठ्यक्रमों का महत्वः सीएम योगी





# 25 करोड़ जनता का सीएम योगी पर पूरा विश्वास: रविकिशन

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। सीएम योगी का शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान रहता है। उनका मानना है कि शिक्षा के जरिये समाज के न्यूनतम जीवन स्तर के व्यक्ति को किसी भी ऊंचाई पर पहुंचा जा सकता है क्योंकि पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे। शिक्षा के माध्यम से ही रोजगार बढ़ेगा और पलायन रुकेगा।

## विकसित देशों के विश्वविद्यालय की सुविधा भारत में

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूएसए से उनसे मिलने आए एक कार्डियोलॉजिस्ट की चर्चा की। बताया कि वह कार्डियोलॉजिस्ट आईआईटी कानपुर से पढ़े थे। अच्छे पैकेज पर यूएसए में नौकरी करने गए थे। वहां उन्होंने नौकरी करते हुए कार्डियोलॉजी की डिग्री ली और कार्डियोलॉजिस्ट बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विकसित देशो के विश्वविद्यालय की सुविधा इस तरह के अब भारत में भी मिलने वाला है। इसमें उ0 प्र0 राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इसके माध्यम से नए परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को तैयार करना मे सहयोग प्राप्त होगा।

## मुक्त विश्वविद्यालय के 1300 से अधिक अध्ययन केंद्र संचालित: कुलपति

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बताया कि 1998 में स्थापित इस मुक्त विश्वविद्यालय के 12 क्षेत्रीय केंद्रों के जरिये 1300 से अधिक अध्ययन केंद्र संचालित हैं। 137 पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में दूरस्थ प्रणाली से उच्च शिक्षा की लौ प्रज्ज्वलित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय के प्रयागराज, लखनऊ और बरेली में क्षेत्रीय केंद्र के भवन बन गए हैं। आज गोरखपुर के क्षेत्रीय केंद्र का शिलान्यास हुआ है। कानपुर के क्षेत्रीय केंद्र भवन निर्माण की प्रक्रिया जारी है। वाराणसी और अयोध्या में भवन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आभार ज्ञापन कुलसचिव प्रो. प्रेम प्रकाश दूबे ने किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य जयप्रकाश निषाद, महापौर सीताराम जायसवाल, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चैधरी आदि की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय ने किया।

## भूमि पूजन कर पारिजात, कल्पवृक्ष व मौलश्री के पौधे रोपे सीएम ने

शिलान्यास समारोह में संबोधन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामगढ़ताल परियोजना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र भवन का वैदिक विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में पारिजात, कल्पवृक्ष व मौलश्री के पौधों का रोपण भी किया।







शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने रामगढ़ताल परियोजना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र के भवन का वैदिक विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में पारिजात, कल्पवृक्ष व मौलश्री के पौधों का रोपण भी किया



समय से पहले 'समय' पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज,सोमवार, 30 मई 2022

# मुख्यमंत्री ने रखी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र भवन की आधारशिला



प्रयागराज।सीएम योगी रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र भवन का शिलान्यास करने के बाद योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो वर्षों में देश-दुनिया ने मुक्त विश्वविद्यालयों की महत्ता को स्वीकारा है। कोरोना काल में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई। पर, 2014 में ही पीएम मोदी ने अपनी दूरदृष्टि से जिस डिजिटल इंडिया की परिकल्पना की थी, वह कोरोना काल में दूरस्थ व ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कारगर साबित हुई। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने जब डिजिटल इंडिया की बात कही थी तब लोग हंसते थे। पर, आज इसका लाभ सर्वत्र दिख रहा है। डीबीटी के माध्यम से जब करोड़ों लोगों के बैंक खातों में सरकार की सहायता राशि पहुंचती है तो इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचता है। डिजिटल इंडिया की नई क्रांति का अनुभव सभी लोग कर रहे है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन से आज युवा परिवार पर बोझ नहीं बल्कि स्वावलंबन का आधार बन रहे है। स्किल इंडिया मिशन आज गांव गांव तक पहुंचा है। मुक्त विश्वविद्यालय स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बहुत कारगर हो सकता है यहां नौकरी और कामकाज करते हुए शिक्षा हासिल की जा सकती है। हम सभी को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित करना चाहिए। मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम नौकरीपेशा व कामकाज करने वालों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कौशल के जरिए ही आप समाज को कुछ देने की स्थिति में होंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ध्येय भी यही है।सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से तकनीक पक्ष पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के 1200 अध्ययन केंद्र प्रयागराज स्थित इस विश्वविद्यालय से जुड़कर सकते है।

स्वदेश
लखनऊ - मुख्य संस्करण
30 May 2022

मुख्यमंत्री योगी ने रखी राजर्षि टंडन मुक्त विवि के गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र भवन की आधारशिला

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बढ़ा मुक्त विवि के पाठ्यक्रमों का महत्व

स्वदेश संवाद ■ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लंबे अर्से बाद भारत ने वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार किया है। इस शिक्षा नीति में पहली बार एक साथ दो डिग्री लेने की सुविधा दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का महत्व बहुत बढ़ गया है।

सीएम योगी रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र भवन का शिलान्यास करने के बाद योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो वर्षों में देश-दुनिया ने मुक्त विश्वविद्यालयों की महत्ता को स्वीकारा है। कोरोना काल में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई। पर, 2014 में ही पीएम मोदी ने अपनी दूरदृष्टि से जिस डिजिटल इंडिया की परिकल्पना की थी, वह कोरोना काल में दूरस्थ व ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कारगर साबित हुई। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने जब डिजिटल इंडिया की बात कही थी तब लोग हंसते थे। पर, आज इसका लाभ सर्वत्र दिख रहा है। डीबीटी के माध्यम से जब करोड़ों लोगों के बैंक खातों में सरकार की सहायता राशि पहुंचती है तो इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचता है। डिजिटल इंडिया की नई क्रांति का अनुभव सभी लोग कर रहे हैं।

## अब परिवार पर बोझ नहीं, स्वावलंबन का आधार बन रहे युवा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन से आज



युवा परिवार पर बोझ नहीं बल्कि स्वावलंबन का आधार बन रहे हैं। स्किल इंडिया मिशन आज गांव गांव तक पहुंचा है। मुक्त विश्वविद्यालय स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बहुत कारगर हो सकता है यहां नौकरी और कामकाज करते हुए शिक्षा हासिल की जा सकती है। हम सभी को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## एक साथ जुड़कर आगे बढ़ सकते हैं मुक्त विवि के अध्ययन केंद्र

मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से तकनीक पक्ष पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के 1200 अध्ययन केंद्र प्रयागराज स्थित इस विश्वविद्यालय से जुड़कर एक साथ कक्षाओं को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में स्थापित हो रहे क्षेत्रीय केंद्र की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तकनीकी के जरिए एक शिक्षक एक साथ सभी केंद्रों के छात्रों के कक्षाएं ले सकता है। ऐसा करने से शिक्षा व समाज की सेवा के जरिए राजर्षि टंडन की भावनाओं के अनुरूप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जब उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा होगा तब तक गोरखपुर के क्षेत्रीय केंद्र भवन के बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है। ऐसे में मुक्त विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

## 25 करोड़ जनता का मुख्यमंत्री योगी पर पूरा विश्वास : रविकिशन

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। सीएम योगी का शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान रहता है। उनका मानना है कि शिक्षा के जरिये किसी भी ऊंचाई पर पहुंचा जा सकता है क्योंकि पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे। शिक्षा के माध्यम से ही रोजगार बढ़ेगा और पलायन रुकेगा।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार 30 मई 2022

# मुविवि में डिजिटल एडिक्शन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**स्वतंत्र भारत व्यूरो, प्रयागराज।**उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में 30 मई को मिशन शक्ति के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक तथा स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल ने बताया कि डिजिटल एडिक्शन एंड एडोलसेंट हेल्थ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ वी के मिश्र, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ होंगे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। आयोजन सचिव डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने बताया कि सरस्वती परिसर के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ मीना दरबारी, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज होंगी। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ अंशु, विभागाध्यक्ष, मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन एथलिंड कॉलेज ऑफ होम साइंस, शुआट्स, प्रयागराज तथा डॉ इशान्या राज, नैदानिक मनोवैज्ञानिक, मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय, किशोरवय स्वास्थ्य और डिजिटल लत के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण विचार व्यक्त करेंगी।

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित



मुक्त चिन्तन

30 मई, 2022

# डिजिटल तकनीक का हो सकारात्मक उपयोगः डा. मिश्र



वक्ता डा वी के मिश्र को स्मृति चिन्ह देते प्रो जी एस शुक्ला।

## डिजिटल तकनीक

### ● मुविवि में डिजिटल एडिक्शन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने रखे अपने विचार

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में सोमवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का ऑफलाइन ऑनलाइन आयोजन किया गया। डिजिटल एडिक्शन एंड एडोलसेन्ट हेल्थ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डा वी के मिश्र महाप्रबंधक राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लखनऊ ने कहा कि किशोरों को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। डिजिटल टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग को रोकने के लिए अभिभावकों द्वारा निरंतर परामर्श देते रहना चाहिए। जिन बच्चों को बचपन में मां बाप का भरपूर प्यार मिलता है। वह बच्चे भटकते नहीं हैं।

डा मिश्रा ने कहा कि डिजिटल तकनीक जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। जिसे नकारा नहीं जा सकता आज महती आवश्यकता इस बात की भी है कि इसका सकारात्मक रूप से उपयोग किया जाए। अध्यक्षता कर रहीं डा मीना दरबारी सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग इलाहाबाद विवि ने किशोरों के विकास में पोषण तत्वों के महत्व को समझाया तथा कुपोषण जनित विभिन्न व्याधियों से बचने के उपायों को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता डा अंशु विभागाध्यक्ष मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन एथलिंड कॉलेज ऑफ होम साइंस शुआट्स ने कहा कि आज के बच्चे लीक से हटकर कार्य करना चाहते हैं। किशोरवय के बच्चे न तो स्वयं को समझ पाते हैं और न समाज को समझ पाते हैं।

जीवन की रफ्तार आज बहुत तेज हो गई है। डिजिटल एडिक्शन जैसे दुधारी तलवार से बच्चों को बचाने के लिए मॉनिटरिंग बहुत आवश्यक है। विशिष्ट वक्ता डा इशान्या राज नैदानिक मनोवैज्ञानिक मोतीलाल नेहरू कॉल्विन जिला चिकित्सालय ने एडिक्शन के विभिन्न प्रकारों के बारे में प्रकाश डाला। डिजिटल एडिक्शन से छुटकारा पाने की विभिन्न विधियों से अवगत कराया कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से निरंतर सकारात्मक संवाद स्थापित रखना चाहिए।







मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
31 मई, 2022
मुक्त चिन्तन

# मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड और बीएड स्पेशल की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने रिलीज किया ई-प्रोस्पेक्ट्स।

प्रयागराज: उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी एड एवं बी एड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2022-2023 की प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन एवं शुल्क भुगतान मंगलवार से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बी एड और बी एड विशिष्ट शिक्षा की ई – प्रवेश विवरणिका रिलीज की। प्रवेश विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

बी एड एवं बी एड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश समिति के समन्वयक प्रोफेसर पी.के. पाण्डेय ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 29 जून 2022 तथा विलंब शुल्क सहित 9 जुलाई 2022 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन अवधि 10 से 14 जुलाई 2022 तक निर्धारित की गई है। प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने वाले इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश संबंधी योग्यता एवं अन्य जानकारियों से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीआरटीओयू डॉट एसी डॉट इन पर उपलब्ध ई-प्रोस्पेक्टस से प्राप्त कर सकते हैं।



वही इस अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर पी.के.पाण्डेय, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, डॉ.दिनेश सिंह, डॉ.सुरेंद्र कुमार, डॉ.रविंद्र नाथ सिंह तथा डॉ. सतीश चंद जैसल आदि उपस्थित रहे।